भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 83**
उत्तर देने की तारीख 21.07.2025

**संग्रहालय या सांस्कृतिक संग्रह के डिजिटलीकरण के लिए वित्तीय सहायता**

**83. श्री के. ई. प्रकाश :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में संग्रहालय संग्रहों के डिजिटलीकरण हेतु वित्तीय सहायता हेतु शुरू की गई योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विशेष रूप से तमिलनाडु में जिलावार और संग्रहालय के प्रकार (राज्य द्वारा संचालित, स्थानीय निकाय, विश्वविद्यालय, गैर-सरकारी संगठन या ट्रस्ट द्वारा संचालित) सहित ब्यौरा क्या है;

(ख) परियोजना की स्थिति (पूर्ण/चल रही/प्रस्तावित) सहित स्वीकृत और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस योजना के अंतर्गत तमिलनाडु, विशेष रूप से इरोड संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थित संग्रहालयों या सांस्कृतिक संग्रह परियोजनाओं के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त या स्वीकृत हुए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): 1. संस्कृति मंत्रालय द्वारा संग्रहालय अनुदान स्कीम संचालित की जाती है जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तर पर केन्द्र सरकार/राज्य सरकारों और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, सोसाइटियों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों और न्यासों द्वारा नए संग्रहालयों की स्थापना/मौजूदा संग्रहालयों के विकास, संग्रहालय संग्रहों के डिजिटलीकरण और संग्रहालय पेशेवरों के क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य

से सभी संगत दस्तावेजों सहित, निर्धारित प्रपत्र में एक प्रस्ताव मंत्रालय को प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

2. वर्ष 2013-14 में संग्रहालय अनुदान स्कीम की शुरुआत से इसके अंतर्गत **संग्रहालयों के डिजिटलीकरण** के लिए अनुमोदित परियोजनाओं, राज्यों (राज्य द्वारा संचालित स्थानीय निकाय, विश्वविद्यालय, एनजीओ, अथवा न्यास द्वारा संचालित) को आवंटित और संवितरित निधियों का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

3. तमिलनाडु से **संग्रहालयों या सांस्कृतिक संग्रहों के डिजिटलीकरण** के लिए अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****

अनुलग्नक-I

'संग्रहालय या सांस्कृतिक संग्रह के डिजिटलीकरण के लिए वित्तीय सहायता' के संबंध में दिनांक 21 जुलाई, 2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 83 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

## संग्रहालय अनुदान स्कीम की शुरुआत से संग्रहालय संग्रह का डिजिटलीकरण के अंतर्गत जारी की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा

(लाख रुपए में)

| क्र. सं. | राज्य | ज़िला | संगठन का नाम/ संग्रहालय | संग्रहालय का प्रकार | स्वीकृत राशि | वित्तीय वर्ष: 2014-15 | वित्तीय वर्ष: 2015-16 | वित्तीय वर्ष: 2016-17 | वित्तीय वर्ष: 2017-18 | वित्तीय वर्ष: 2018-19 | वित्तीय वर्ष: 2019-20 | वित्तीय वर्ष: 2020-21 | वित्तीय वर्ष: 2021-22 | वित्तीय वर्ष: 2022-23 | वित्तीय वर्ष: 2023-24 | वित्तीय वर्ष: 2024-25 | परियोजना की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान | (i) उदयपुर<br>(ii) जोधपुर<br>(iii) माउंट आबू<br>(iv) अजमेर<br>(v) झालावाड़<br>(vi) बीकानेर<br>(vii) कोटा<br>(viii) भरतपुर<br>(ix) पाली<br>(x) जैसलमेर<br>(xi) अलवर<br>(xii) सीकर<br>(xiii) आहाड़<br>(xiv) डूंगरपुर<br>(xv) चित्तौड़गढ़<br>(xvi) अल्बर्ट हॉल, जयपुर, | राजस्थान सरकार द्वारा 16 जिला संग्रहालयों के लिए | राज्य सरकार | 56.00 | 28.00 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | जारी |
| 2. | महाराष्ट्र | पुणे | सिम्बायोसिस सोसायटी' डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर संग्रहालय एवं स्मारक, पुणे | एनजीओ | 9.188 | | 4.594 | - | 4.594 | - | - | - | - | - | - | - | पूरी हो गई है। |
| 3. | हरियाणा | गुरुग्राम | कला एवं पुरातत्व केंद्र, 22, सेक्टर-32, इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुड़गांव , हरियाणा | एनजीओ | 25.00 | - | - | 12.50 | - | 12.50 | - | - | - | - | - | - | पूरी हो गई है। |
| 4. | कर्नाटक | बैंगलोर | बसवा समिति , बसवा भावना , श्री बसवेश्वर रोड, बेंगलुरु | एनजीओ | 25.00 | - | - | - | - | - | - | - | - | **12.50** | - | - | जारी |